श्रीमते रामानुजाय नमः

आचार्य श्री स्वामी गोपालदत्त शास्त्री

काव्य पुराण वेदान्ततीर्थ साहित्यभूषण

श्रीनिवास विद्यामन्दिर

आरा

ति० २६-१२-५३

श्रीयुत डा. एस. के. कृष्णन्

अध्यक्ष- नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी

नई दिल्ली

मान्यवर महोदय,

सेवा में निवेदन है कि श्रीमान ने विज्ञान-जगत में जो सुख्याति प्राप्त की है वह श्रीवैष्णव समाज के लिये गौरव की वस्तु है।

अ. भा. श्रीवैष्णव सम्मेलन के ४३वें महाधिवेशन त्रिवेणी संगम तट महाकुम्भ पर्व प्रयाग के लिये श्रीमान को हार्दिक निमन्त्रण दे रहे हैं।

यह सम्मेलन श्री तोताद्रि स्वामी श्री प्रतिवादि भयंकर स्वामी श्री अहोबिल स्वामी द्वारा प्रतिष्ठापित तथा उत्तर भारतीय आचार्यों से सेवित और भारत सरकार से रजिस्टर्ड धार्मिक संस्था है। आशा है श्रीमान् भी उपस्थित होकर अपने सदुपदेश एवं सद्विचार से हमको अनुगृहीत करेंगे। साथ ही भगवत् श्रीवैष्णवाचार्य के साधु विद्वानों की शुभकामना स्वीकार करेंगे।

नवदीय- श्री गोपालदत्त शास्त्री

[प्रधानमन्त्री अ. भा. श्रीवैष्णव सम्मेलन, प्रयाग]

(२) उपसभापतिः—श्री १०८ स्वामी कृष्णप्रपन्नाचार्य जी महाराज तोताद्रिमठ, बिहटा (आरा)।

(३) „ „ श्री १०८ स्वामी पं० माधवाचार्य जी शास्त्रार्थ महारथी धर्मधाम १०३ ए० कमलानगर दिल्ली।

(४) „ „ श्री बाबू इन्द्रदेव नारायण जी सरकारी वकील, आरा (बिहार)।

(५) „ „ श्री बाबू कैलाशपति नारायण वर्मा, रिटायर्ड कलक्टर सलेमपुर-छपरा (बिहार)।

(६) „ „ श्री सेठराय बहादुर भेखराज जी जैपुरिया नं० ३३ नेता जी सुभाष रोड, कलकत्ता

(१) प्रधान मन्त्रीः—आचार्य श्री स्वामी गोपालदत्त शास्त्री श्रीनिवास विद्यामन्दिर बिचली सड़क आरा (बिहार)।

(२) उप मन्त्रीः—श्री बाबू राजवंश सहाय एम० ए० वकील सासाराम।

(३) „ „ श्री बाबू जगदीश नारायण सिंह वकील सासाराम।

(४) „ „ श्री पं० शेषनारायण जी शोकहा एम० ए० वकील दारागंज इलाहाबाद।

(१) प्रधान कोषाध्यक्षः—सेठ श्री हरि प्रसाद रुंगटा, सासाराम।

(२) सहायक „ श्री रामगोविन्द सिंह, मैनेजर फर्म कनीराम जी जानकीदास जी, सासाराम।

(३) „ „ श्री सरयू प्रसाद, मैनेजर श्री बिहारी जी मिल्स लिमिटेड, सासाराम।

श्री बलभद्र रामानुज सेवाश्रम की महायज्ञ समिति के निर्वाचित पदाधिकारी और सदस्य

पत्र व्यवहार तथा सहायता भेजने का पताः—

श्री स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज, श्री बलभद्र रामानुज
सेवाश्रम बाड़ा (कैम्प) कुम्भ मेला संगम के सामने
काली कमली के बाड़े के पच्छिम गंगातट, प्रयाग।

अथवा

मु० बेदा, पो० सासाराम, जिला—शाहाबाद (बिहार)।

श्रीवैष्णव प्रेस, दारागंज, प्रयाग।

❋ श्री हरिः ❋

श्रीमते रामानुजाय नमः । श्री त्रिवेणी माधवाय नमः

महाकुम्भ प्रयाग में श्री बलभद्र रामानुज सेवाश्रम का

विराट धार्मिक आयोजन !

बट विश्वास अचल निज धर्मा । तीरथराज प्रयाग सुकर्मा ॥
मुद मंगलमय संत समाजू । जिमि जग जंगम तीरथराजू ॥

धार्मिक सज्जनों,

यह सूचित करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि इस वर्ष प्रयागराज में महाकुम्भ के पुनीत अवसर पर श्री स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज श्री बलभद्र रामानुज सेवाश्रम, बेदा सहसराम, बिहार द्वारा साधु-सन्तों तथा मेला में आने वाली सर्व साधारण जनता के व्यापक सेवाकार्य—ठहरने, भोजन एवं चिकित्सा के निःशुल्क प्रवन्ध के अतिरिक्त तीन सौ सुयोग्य विद्वानों द्वारा वेद, उपनिषद, पुराण आदि धर्म ग्रन्थों के पाठ के साथ साथ अष्टोत्त शत श्रीमद्‌भागवत सप्ताह यज्ञ, श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ, भगवन्नाम संकीर्तन आदि अनेकों धर्मानुष्ठान होंगे। इस कार्य की सफल समाप्ति के लिये विगत १५-११-५३ को जो ५५ व्यक्तियों की कार्यकारिणी समिति बनायी गई है उसने निश्चय किया है कि इन कार्यों के साथ २ विभिन्न तिथियों में सनातन धर्म सम्मेलन, गोरक्षा सम्मेलन, विद्वत्सम्मेलन, साधु सम्मेलन द्विज बालकोपनयन आदि का भी आयोजन किया जाय। इन कार्यो की रक्षा के हेतु स्वयं सेवकों का एक संगठन किया जाय तथा द्रव्य एवं वस्तु के संग्रहार्थ जनता से अपील की जाय।

इस निश्चय के अनुसार धार्मिक जनता से निवेदन है कि अपनी शक्ति के अनुसार द्रव्य वस्त्र अन्न (चावल गेहूँ दाल चूड़ा) घृत, यज्ञ सामग्री टेंट दरी बिछावन आदि सहायतार्थ भेजें तथा स्वयं साथ लेकर सम्मिलित हों। ऐसा धर्म कार्य करने का अवसर जीवन में बार बार नहीं आता है। त्रिवेणी माधव सब का मनोरथ पूर्ण करते हैं। इसलिए इस धर्म कार्य में अवश्य सम्मिलित होकर पुण्य और यश के भागी बनें।

निवेदकः—

(१) प्रधान सभापतिः—श्री १०८ स्वामी रमाकांत जी त्रिपाठी एम० ए०
अध्यक्ष भजनाश्रम-डालमिया नगर आरा (बिहार)।